Bharat Temples

# मेवानगर के देव ओ भैरव, वंदन सौ सौ बार तु ही हैं करतार हमारा, तु ही पालनहार Bhajans

मेवानगर के देव ओ भैरव,
वंदन सौ सौ बार,
तु ही हैं करतार हमारा,
तु ही पालनहार ॥

पूनम का जब दिन आए,
तो मन सबके हुलसाये,
तेरे दर्शन करने को
सब दूर दूर से आये ।

नर नारी सब बालक मिलकर
तुझको शीश नमाए,
जग हितकारी दादा तुमको
कोटि कोटि प्रणाम ॥

तु ही हैं करतार हमारा,
तु ही पालनहार...
हम दु:खीयरे, आए द्वारे,

और कहां हम जाए,

कष्टों की मझदार से
दादा तु ही पार लगाए ।
तेरी शरण मे आए हम तो,
तु ही राह दिखाए,

ओ मेरे मतवाले दादा,
तु ही तारणहार ॥
तु ही हैं करतार हमारा,
तु ही पालनहार…

तेरी महिमा कैसे गाए,
तुम हो देव निराले,
सब देवो में देव ओ
भैरव बाबा नाकोड़ावाले ।

हम भक्तों की विनती सुन
लो, काटो संकट सारे,
सारे भक्त हैं मिलकर बोले,
तेरी जयजयकार ॥

Source:
https://www.bharattemples.com/mewanagar-ke-dev-o-bhairav-vandan-sau-sau-baar/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw